प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.03.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा–पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच खाड़ी देशों में फंसे प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य सरकार गंभीर प्रयास कर रही हैं
- भारत और फिनलैंड ने पर्यावरण सहयोग, प्रवासन और गतिशीलता सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौते किएं
- आई.सी.सी. टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में, आज शाम भारत का सामना इंग्लैंड सें
- प्रदेश में इस बार मार्च के पहले सप्ताह में ही गर्मी के तेवर तीखे– अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस ऊपर पंहुचां

0000

पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच खाड़ी देशों में फंसे प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही हैं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार विदेशों में फंसे प्रदेश के नागरिकों के सतत संपर्क में है और उनकी सुरक्षित घर वापसी के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं

....

इसी बीच, दुबई में फंसे बीकानेर और जोधपुर के कई प्रवासी नागरिक आज सुरक्षित अपने घर लौट आए हैं जोधपुर के एक सौ बीस श्रद्धालु आज वापस लौट आए हैं सुरक्षित लौटे यात्री मनोहर दास ने बताया कि उन्हें अट्ठाईस फरवरी को वापस लौटना था, लेकिन उड़ानों में आए व्यवधान के कारण उन्हें रूकना पड़ां

.......

इनमें से छिहत्तर यात्री कोच्चि और तीस यात्री अहमदाबाद के रास्ते पहले ही भारत पहुँच गए थे, जबकि बाकी श्रद्धालु आज सीधे जोधपुर पहुँचें श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी पर उनके परिजनों ने संतोष व्यक्त किया हैं

000000

विधानसभा ने आज राजस्थान जन विश्वास विधेयक–2026 ध्वनिमत से पारित कर दियां इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाना और व्यापारियों सहित आमजन को राहत देना हैं
विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए बताया कि इस कानून के माध्यम से विभिन्न विभागों के पुराने और अप्रासंगिक दंड प्रावधानों को हटाया गया हैं उन्होंने कहा कि छोटे तकनीकी उल्लंघनों के लिए अब आपराधिक कार्रवाई के स्थान पर केवल जुर्माने का प्रावधान किया गया हैं इससे प्रशासनिक कामकाज अधिक पारदर्शी और सुगम बनेगां चर्चा के दौरान श्री पटेल ने यह भी कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेजड़ी के संरक्षण के लिए जल्द ही एक कड़ा कानून लाएगीं इससे पहले, विपक्षी सदस्यों ने विधेयक के कुछ प्रावधानों पर अपनी शंकाएं व्यक्त कीं

00000

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने आज विधानसभा में बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नाम जोड़ने के लिए पोर्टल खुला हैं उन्होंने जानकारी दी कि पात्र लाभार्थी आवेदन कर योजना में अपना नाम जुड़वा सकते हैं श्री रावत प्रश्नकाल में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थें उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में इस साल 26 फरवरी तक कुल 1 लाख 36 हजार 977 राशन कार्डधारी पंजीकृत हैं फरवरी 2024 से अब तक जयपुर में 84 हजार 574 नाम जोड़े गए हैं, जबकि 1 लाख 27 हजार 286 नाम हटाए गए हैं मंत्री ने बताया कि योजना के लाभार्थियों को तीन माह में ई–केवाईसी करवाना अनिवार्य हैं ई–केवाईसी नहीं करवाने के कारण लाभार्थियों के नाम सूची से हटाये गये हैं

00000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज विधानसभा में बताया कि अजमेर नगर निगम द्वारा पिछले छह माह में जारी किए गए पट्टों की जांच की जाएगीं उन्होंने अजमेर जिला कलेक्टर को दो सप्ताह में इस संबंध में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं सदन में यह जानकारी शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी द्वारा

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए मामले के जवाब में दी गई श्री खर्रा ने बताया कि नियम विरुद्ध पट्टे जारी करने के मामले में शामिल चार कर्मचारियों को हटा दिया गया हैं जिला कलेक्टर लोकबंधु अब पिछले छह माह के दौरान जारी हुए सभी पट्टों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट विभाग को सौंपेंगें

0000

भारत और फिनलैंड के बीच आज नई दिल्ली में पर्यावरण, प्रवासन और सांख्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेकजेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा कीं दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किएं प्रधानमंत्री ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्तमान में विश्व अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा हैं उन्होंने बहुपक्षीय मंचों पर आपसी सहयोग को और अधिक विस्तार देने पर बल दियां

.....

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में वर्ष 2027 की जनगणना के लिए चार डिजिटल उपकरणों को लॉंच कियां श्री शाह ने महिला और पुरुष के प्रतीक शुभंकर 'प्रगति' और 'विकास' का अनावरण भी कियां

लॉन्च किए गए उपकरणों में जनगणना प्रबंधन और निगरानी पोर्टल, स्व–गणना पोर्टल, हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर तथा एच–एल–ओ मोबाइल एप्लिकेशन शामिल हैं इन डिजिटल प्लेटफॉर्म को उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र द्वारा विकसित किया गया हैं उल्लेखनीय है कि वर्ष 2027 की जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगीं यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगी और इसमें नागरिकों के पास स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने यानी 'स्व–गणना' का विकल्प भी रहेगां मंत्रालय के अनुसार, इस कार्य के लिए देशभर में तीस लाख से अधिक गणनाकर्ताओं और अधिकारियों को तैनात किया जाएगा, जो मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से घर–घर जाकर डेटा एकत्र करेंगें

0000

प्रदेश में राशन वितरण को सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए खाद्य विभाग स्वचालित प्रणाली लागू कर रहा हैं इसके तहत तौल मशीनों को ब्लूटूथ के जरिए ऑनलाइन जोड़ा गया हैं कोटपूतली–बहरोड़ जिले के जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि विभाग के इस नवाचार की शुरूआत सबसे पहले कोटपूतली–बहरोड़ जिले से करने के प्रयास किये जा रहे हैं इस नई व्यवस्था के तहत राशन का वजन निर्धारित मात्रा तक पहुँचते ही मशीन से अपने आप पर्ची निकल आएगीं इसमें मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने से तौल में गड़बड़ी की समस्या दूर होगीं

00000

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच होगां ये मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे से खेला जाएगां पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कल रात न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दियां

0000

प्रदेश में इस बार मार्च के पहले सप्ताह में ही गर्मी के तेवर काफी तीखे हो चले हैं मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से 4–8 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किए जा रहे हैं पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक 38 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड हुआ जो सामान्य से करीब साढ़े 6 डिग्री ज्यादा हैं 22 अन्य शहरों का पारा भी 35 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआ हैं मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में आगामी एक सप्ताह के दौरान अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री ऊपर जारी रहने के आसार हैं वहीं दक्षिण पश्चिमी इलाकों में 8 से 10 मार्च के दौरान कहीं–कहीं अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज होने की प्रबल संभावना हैं

00000

प्रदेश में महिला दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न जिलों में कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं जैसलमेर में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी गई विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार गोयल ने बालिकाओं की शिक्षा और उनके प्रति सामाजिक सोच पर चर्चा कीं वहीं, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक हिम्मत सिंह कविया ने बाल विवाह रोकने के उपायों की जानकारी दीं भीलवाड़ा में भी विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए कार्यशाला हुई उपनिदेशक नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया ने शिक्षा सेतु और मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन सहित अन्य योजनाओं के बारे में बतायां

0000